भारत द्वारा विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 जनवरी, 2021 को सम्पूर्ण भारत में कोविड–19 टीकाकरण अभियान का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारम्भ किया।

- यह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है जिसे सम्पूर्ण भारत में एक साथ लागू किया गया।
- सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 3,006 सत्र स्थलों पर एक साथ यह प्रक्रिया प्रारम्भ हुई और प्रत्येक स्थल पर लगभग 100 व्यक्तियों को टीका लगाया गया।
- अनंतिम रिपोर्टों के अनुसार कुल 3,352 सत्र आयोजित किए गए थे, जिसमें 1,91,181 व्यक्तियों को टीका लगाया गया।
- रक्षा संस्थानों में अतिरिक्त 3,429 व्यक्तियों को टीका लगाया गया।
- दिल्ली के 34 वर्षीय स्वच्छता कार्यकर्ता मनीष कुमार कोविड–19 वैक्सीन लगवाने वाले पहले व्यक्ति बने।
- टीकाकरण अभियान के लिए दो प्रकार के कोविड–19 टीकों की आपूर्ति की गई। **1.** कोविशील्ड वैक्सीन सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को आपूर्ति की गई। **2.** कोवैक्सिन वैक्सीन की आपूर्ति 12 राज्यों में की गई।

कोविड वैक्सीन बनाने में सक्रिय शीर्ष दस देशों की स्थिति

(विभिन्न देशों में वैक्सीन उत्पादन इकाइयों की संख्या)

अमेरिका–96, चीन–31, भारत–22, कनाडा–22, फ्रांस–17, रूस–15, ब्रिटेन–13, तुर्की–12, जर्मनी–11, दक्षिण कोरिया–10

कोविशील्ड वैक्सीन

- वैक्सीन COVISHIELD को 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी' और ब्रिटिश–स्वीडिश बहुराष्ट्रीय दवा और बायोफार्मासिटिकल कम्पनी AstraZeneca ने मिलकर बनाया है। भारत में इसका निर्माण और ट्रायल के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भागीदार है, जिसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला हैं।

कोवैक्सिन वैक्सीन

- हैदराबाद–आधारित भारत बायोटेक की वैक्सीन COVAXIN एक सम्पूर्ण विरिऑन इनएक्टिवेटेड कोरोनावायरस वैक्सीन है, जिसे भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (ICMR) और राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (MIV), पुणे के सहयोग से विकसित किया गया है।